तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 12 जून 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 कोटरी नदी पर बना एनीकट जर्जर, सुधार की उठी मांग



14 विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों ...




# NEET/JEE के लिए भिलाई सुपर 30 में प्रवेश प्रारंभ-आनंद कुमार

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए एक सुनहरा अवसर है कि सुपर 30 भिलाई में नामांकन टेस्ट प्रारंभ हो गया है। इसमें 30 छात्रों को निःशुल्क NEET व JEE की तैयारी करवाया जाएगा, जिसका चयन प्रक्रिया ऑनलाईन व ऑफ लाइन परिक्षा के माध्यम से होगा। 30 चयनित छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में NEET व JEE का तैयारी करवाया जाएगा इसमें IITians डॉक्टर व एक्सपर्ट शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाएगा, जिसमें 6 घंटो का क्लास प्रत्येक रविवार को NEET व JEE पर आधारित टेस्ट लिया जाएगा।

दिसंबर से सप्ताह में 3 टेस्ट व अप्रैल में प्रत्येक दिन टेस्ट लिया जाएगा। पिछले वर्ष 30 छात्रों में से 16 छात्रों का चयन हुआ, इस वर्ष 22 से अधिक छात्रों का चयनित होने की संभावना है। यह संस्था पूरे भारतवर्ष में एकलौती संस्था है। एक नही तीन बार शत प्रतिशत छात्र चयनित हुए है। इसमें सभी वर्ग के लोग आवेदन कर सकते है। यह परिक्षा 12 व 13 जून को ऑनलाईन व ऑफलाइन होगा व परिणाम 14 जून को घोषित होगा।



इस तैयारी का मुख्य उद्देश्य ऐसे छात्रो का चयन करवाना है जो पैसो के आभाव में डॉक्टर व इंजीनियर बनने का अपना सपना पूरा नही कर पाते। यह एक समाजिक पहल है, जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए वरदान साबित होगा, क्योंकि सुपर 30 से कई बार पूरे के पूरे छात्र चयनित हुए है। अब आनंद सर के मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ वासियों को यह सुविधा मिल रहा है **अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 9243226707, 9202581591, 7415295273 पर संपर्क कर सकते हैं।**

ADVT.


## खबर संक्षेप

### सिविल अस्पताल के शौचालय से नवजात का शव बरामद




**पखांजूर।** सिविल अस्पताल के शौचालय में एक नवजात शिशु का शव बरामद हुआ है। इस मामले में पखांजूर थाने में शिकायत किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें अस्पताल के बाथरूम में नवजात शिशु का शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और शिशु के माता पिता की तलाश किया जा रहा है। बीएमओ डॉ. दिलीप कुमार सिन्हा से बात करने पर बताया कि हॉस्पिटल का सीसी कैमरा देखा गया, परंतु सीसी कैमरा से नवजात के माता-पिता की पुष्टि नहीं हो पा रही है। थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट ने कहा कि अभी नवजात शिशु के माता-पिता की तलाश जारी है।

### साढ़े सात लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया कोचिया

**कांकेर।** दुधावा चौकी पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए साल्हेटोला निवासी केशव प्रसाद



तिवारी के कब्जें से भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब को जब्त किया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली था कि आरोपी अपने घर में हाथ भट्टी से बना हुआ महुआ शराब को रखा हुआ है। बेचने के लिए ग्राहक की तालाश में है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने छापामार कार्यवाही किया और शराब कोचिया केशव प्रसाद को धर दबोचा। कब्जे से साढ़े सात लीटर महुआ शराब जिसकी किमत 750 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### रसोइया संघ की बैठक तहसील कार्यालय में आयोजित होगी कल

**दुर्गूकोंदल।** छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन रसोइया संयुक्त संघ की ब्लाक स्तरीय विशेष बैठक का आयोजन शुक्रवार 13 जून को 12 बजे तहसील कार्यालय के सामने रखा गया है। बैठक में विशेष रूप से जून माह का वेतन नहीं मिलने के कारण मध्यान्ह भोजन नहीं बनाने का निर्णय प्रदेश स्तर पर लिया गया है। 16 जून को जगदलपुर में होने वाले रैली एवं धरना प्रदर्शन में समस्त रसोइयों को बड़ी संख्या में भाग लेने पर चर्चा किया जाएगा। यह जानकारी ब्लाक सचिव घनश्याम बघेल ने दी।

### अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत 38 वर्षीय अमजद खान ने अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पांडरवाही निवासी धरमराज कोर्राम ने पुलिस को बताया कि अमजद खान ने 10 जून को निर्माणाधीन मकान में हरा रंग के नायलोन रस्सी बांधकर फांसी लगा लिया। फांसी लगाने के कारणो का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### राऊरवाही का दो दिवसीय आनंद मेला लगेगा आज से

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत राऊरवाही में दो दिवसीय आनंद मेला का आयोजन 12 जून से किया जाएगा। मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी ग्राम गायता मंगलू राम कोमरा एवं चेतन कोमरा ने दिया।

**कार्रवाई : छठवीं घटना के बाद कैद तेंदुआ को देखने के लिए एकत्र हुआ लोगों का हुजूम**

# दुधावा क्षेत्र में आतंक मचाने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद, क्षेत्रवासियों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर/बासनवाही

दुधावा क्षेत्र में आतंक मचाने वाले तेंदुआ को दबोचने के लिए वन विभाग कई माह से प्रयासरत था। एक माह से

- वन विभाग ने तेंदुआ को कैद करने के लिए लगाए गए थे 20 ट्रैप कैमरे
- कैमरे में आने वाली फोटो का अध्ययन करके लगाया जा रहा था पिंजरा

वन विभाग जगह जगह ट्रैप कैमरा लगाकर निगरानी कर रहा था। दो दिन पहले तेंदुआ ने आछीडोंगरी में बुर्जुग पर हमला बोला था, यहाँ पर फिर आने की संभावना पर पिंजरा लगाया गया, जिसमें आतंक मचाने वाला तेंदुआ कैद हो गया।

जानकारी के अनुसार कांकेर जिले के सरोना वन परिक्षेत्र दुधावा ईलाके के आछीडोंगरी में 63 वर्षीय बीर सिंह घर में सोया था, अचानक हमला बोला, परंतु चिल्लाने पर तेंदुआ भाग गया था। वन विभाग की टीम को विश्वास था कि फिर से इस घर की ओर तेंदुआ आ सकता है। वन विभाग ने तैयारी करके कैमरा भी लगाया और दो जगह पिंजरा भी लगाया था, अंततः 11 जून को सुबह साढ़े 3 बजे तेंदुआ पिंजरा में बकरा के चक्कर में कैद हो गया। वन विभाग की टीम को सुबह खबर मिली और वन विभाग का अमला आछीडोंगरी पहुँचा। कैद तेंदुआ को देखने के लिए आछीडोंगरी में हुजूम एकत्र हो गया था, वहीं भीड़ को देखकर तेंदुआ लगातार गुर्रा रहा था। विदित हो कि 16 मई की रात को लगभग 8 बजे होलिका नेताम अपने 8 साल के बच्चे विराट नेताम पिता जीवन नेताम को लेकर शादी घर टिकावन कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे था, उसी दौरान तेदुआ मासूम बालक विराट नेताम पर पीछे से अचानक हमला कर दिया, जिससे तेंदुआ ⏭ शेष पेज 12 पर





### दुधावा इलाके में दहशत का माहौल

दुधावा क्षेत्र में तेंदुए के लगातार हमलों के कारण बच्चों पर खतरा बढ़ गया है। दुधाव इलाके के लोग दहशत में जीने मजबूर थे। वन विभाग ने इस घटना के पहले अन्य घटनाओं के दौरान ट्रैप कैमरा लगाया गया था, परंतु तेंदुआ को चिन्हांकित करने में किसी भी तरह की सफलता नहीं मिल पाई थी। लगातार पाँचवी घटना हो जाने के कारण दुधावा इलाके में दहशत का माहौल बना था। छठवीं घटना 7 जून को आछीडोंगरी में बुर्जुग पर हमला की हुई थी, उसके बाद से वन विभाग फिर सक्रिय हो गया था और तेंदुआ को कैद करने में सफलता मिली।



### छठवीं घटना के बाद पकड़ाया तेंदुआ

4 अगस्त 2024 को कोड़मुड़ में एक बच्चे को तेंदुआ उठा ले गया था, जिसका सिर्फ सिर मिला था।
25 सितंबर 2024 को दुधावा के नयापारा में एक बच्ची पर हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी।
2 अक्टूबर 2024 को दुधावा बस्ती में एक बच्चे पर हमला हुआ, जिसे एक पालतू कुत्ते ने बचा लिया था।
26 अप्रैल 2025 को आछीडोंगरी में एक तेंदुए ने 8 वर्षीय बच्चे पर हमला कर दिया, जिसे उसके बड़े भाई ने तेंदुए के जबड़े से बचाया था।
17 मई 2025 को दुधावा के शीतलापारा में 8 साल के बच्चे पर बोल दिया हमला, बच्चा हुआ घायल
7 जून 2025 को आछीडोंगरी में 63 वर्षीय बीर सिंह पर हमला बोला था

### तेंदुआ स्वस्थ था, लगाए गए थे 2 पिंजरा

प्रभारी वनमंडलाधिकारी प्रशिक्षु आईएफएस चंद्र कुमार जायसवाल ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि 7 जून के बाद उसे पकड़ने के लिए रणनीति तैयार किया और उसे पिंजरा में कैद करने में टीम को सफलता मिली। पशु विभाग के अधिकारियों से जाँच करवाया गया और वह स्वस्थ है। उसे आछीडोंगरी से काष्ठागार कांकेर लाया गया है। उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर आगे की कार्यवाही जारी है।

### मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद निर्माण कार्य अधरमें, पखांजुर-महाराष्ट्र मार्ग पर बढ़ा आक्रोश




- 30 गांव के हजारों लोगों का होता है आवागमन

**पखांजुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं के द्वारा 11 जून को पखांजुर से महाराष्ट्र को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क की दयनीय स्थिति से परेशान होकर धरना प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार पखांजुर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। मुख्यमंत्री की जनसभा में सड़क के नवनिर्माण की घोषणा के बावजूद, आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से लोगों में भारी निराशा है। यह सड़क पखांजूर और महाराष्ट्र के गढ़चिरोली, चंद्रपुर तथा नागपुर के बीच एक जीवनरेखा है, जिसका उपयोग लगभग 30 गांवों के हजारों ग्रामीण प्रतिदिन स्कूल, अस्पताल, शासकीय कार्यालयों और व्यापारिक गतिविधियों के लिए करते हैं। मरीजों और व्यापारियों का भी महाराष्ट्र के इन शहरों में नियमित आना-जाना रहता है, लेकिन सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और उसकी जर्जर हालत ने आवागमन को अत्यंत जोखिम भरा बना दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क पर चलना अब दूभर हो चुका है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। ग्रामीणों और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ शासन से तत्काल हस्तक्षेप कर इस अति-महत्वपूर्ण ⏭ शेष पेज 12 पर

## सरोना से दुधवा तक सड़क की आधी-अधूरी मरम्मत, बनी लोगों के लिए नई मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

सरोना से दुधावा तक का मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत को हरिभूमि ने विभाग के संज्ञान में लाया था। विभाग ने खबर प्रकाशन के उपरांत गड्ढों को डामर से भरने के बजाय मिट्टी से भरकर लीपापोती करने का प्रयास किया गया है। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण इस मार्ग में लगातार हादसे हो रहे है, वहीं विभाग कतई गंभीर नहीं दिख रहा है। सरोना के नागरिकों का कहना है कि हरिभूमि में समाचार प्रकाशन के बाद लोक निर्माण विभाग की नींद खुली और जगह-जगह सिर्फ गड्ढो में डामर की बजाय मिट्टी भर दिया गया है। वह भी बिना समतल किए और बिना रोलर चलाए। बारिश के शुरुआती छींटों में ही यह मिट्टी बह जाएगी या दलदल में तब्दील हो जाएगी, जिसके चलते बाइक सवारों और छोटे वाहनों को फिसलने का खतरा बढ़ जाएगा। गड्ढों को भरने के पहले कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। दुधावा से सरोना आने जाने वाले ग्रामीणों ने बताया कि हमने सोचा था समाचार में खबर छपने के बाद हमारी परेशानी खत्म होगी, लेकिन अब हालात और बिगड़ गए हैं। पहले सिर्फ गड्ढे थे, अब तो रास्ता ही कीचड़ बन जाएगा। सरोना में अस्पताल ⏭ शेष पेज 12 पर



- गड्ढों को डामर की बजाय मिट्टी से भरकर की थी लीपापोटी

## ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक विक्रम ने लगवाया ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़

विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम पंचायत छोटेबोदेली के ग्रामीणों ने विधायक विक्रम उसेंडी से ट्रांसफार्मर लगवाने की माँग किया था। विधायक ने शिकायत को संज्ञान में लेते हुए तत्काल विद्युत विभाग के आला अफसरों को अल्टीमेटम दिया कि जल्द ट्रांसफार्मर लग जाना चाहिए। विधायक की पहल पर खबर करते ही ट्रांसफार्मर लग गया, वहीं ग्रामीणों ने तत्काल आदेश के क्रियान्वयन होने पर विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किया।

जानकारी के अनुसार अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी अंतागढ़ के कई ईलाके के प्रवास पर थे। विधायक 9 जून को ग्राम छोटे बोदेली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचे, तभी ग्रामीणो से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को पूछा और हालचाल जाना था। इसी समय ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि ट्रांसफार्मर नहीं होने से बिजली की समस्या बनी हुई है। विभाग को कई बार आवेदन दे चुके है, परंतु सुध नहीं लिया जा रहा है। विधायक विक्रम उसेंडी ने कार्यक्रम स्थल से ही संबंधित विद्युत विभाग के आला अफसरों से छोटे बोदेली में ट्रांसफर लगाने को लेकर संवाद किया और विभाग प्रमुखों ⏭ शेष पेज 12 पर



- ट्रांसफार्मर लगने पर ग्रामीणों ने विधायक का किया धन्यवाद

## परिवहन संघ ने शुरू की भूख हड़ताल पर प्रबंधन नहीं हो रहा टस से मस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रततापपुर

परिवहन संघ अपनी एक माँग गोदावरी माइंस से परिवहन के कोटा

- अनिश्चतकालीन हड़ताल के 15 वें दिन के बाद आरंभ

को बढ़ाने को लेकर 28 मई से अनिश्चतकालीन हड़ताल पर है। प्रशासन ने दो बार बैठक करवाने के बाद नतीजा नहीं निकल पाया, क्योंकि गोदावरी माइंस प्रबंधन अपने निर्णय को लेकर टस से मस नहीं हो रहा है। परिवहन संघ ने हड़ताल के 15 वें दिन यानी 11 जून से भूख हड़ताल शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर परिवहन संघ गोदावरी माइंस प्रबंधन में परिवहन के अनुपात को बढ़ाने की माँग को लेकर कई माह से प्रयासरत है, परंतु माँग पूरी नहीं होने पर परिवहन संघ ने 28 मई से अनिश्चतकालीन हड़ताल शुरू कर दिया था। इसके उपरांत भानुप्रतापपुर एसडीएम ने दो बार परिवहन संघ एवं गोदावरी माइंस प्रबंधन के मध्य बैठक भी करवाया गया, परंतु आपस में किसी भी तरह का समन्वय नहीं बन पाने के कारण बैठक बेनतीजा रही। माइंस प्रबंधन अपने निर्णय के तहत किसी भी तरह से टस से मस होने को तैयार नहीं है, वहीं पखांजुर परिवहन संघ भी अपनी माँग को लेकर अड़ा हुआ है। परिवहन संघ के पदाधिकारी 4 जून को कलेक्टर से मुलाकात किया था और भानुप्रतापपुर परिवहन संघ को आश्वासन दिया गया था कि 11 जून तक बैठक आयोजित कर समस्या का समाधान किया जाएगा, परन्तु समस्या यथावत बनी हुई है। परिवहन संघ के सदस्यों ने प्रशासन और गोदावरी माइंस कि संघ के प्रति उदासीन रवैये को देखते हुए चरणबद्ध आंदोलन के अंतर्गत संघ के सदस्यों द्वारा क्रमिक भूख हड़ताल में बैठने का निर्णय लिया, उसी के तहत 11 जून को क्रमिक भूख हडताल के प्रथम दिवस संघ के सदस्य मुकेश ठाकुर, प्रशांत सिन्हा, ⏭ शेष पेज 12 पर



**स्वास्थ्य मंत्री ने कांकेर में मेडिकल कॉलेज की ली समीक्षा बैठक**

# मरीज को केवल इलाज नहीं बल्कि सम्मान और संवेदना भी मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिकित्सा और सामुदायिक विकास दोनों क्षेत्रों में बैठक लेकर समीक्षा किया। समीक्षा करते हुए चिकित्सकों से कहा कि जनता को केवल इलाज नहीं, बल्कि सम्मान और संवेदना भी मिले, यही हमारी चिकित्सा व्यवस्था की पहचान होनी चाहिए।

स्वास्थ्य मंत्री ने नांदनमारा स्थित इंदिरा गांधी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित स्वशासी समिति की बैठक में कॉलेज की कार्यप्रणाली, आधारभूत ढांचे और चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा किया। मंत्री ने साफतौर पर निर्देश दिए कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों को इस रूप में विकसित किया जाए कि वे जनता की पहली पसंद बनें। उन्होंने कहा कि बाह्य रोगी विभाग व अंतःरोगी सेवाओं में संवेदनशीलता और उत्कृष्टता लाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। जनता को केवल इलाज नहीं, बल्कि सम्मान और संवेदना भी मिले, यही हमारी चिकित्सा व्यवस्था की पहचान होनी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सा अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि विभाग का उद्देश्य सिर्फ उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना ही नहीं है, अपितु आमजनता के प्रति संवेदनशीलता और उन्हें सम्मान भी मिले। स्वास्थ्य मंत्री ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया। आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने कॉलेज में पारदर्शिता, डिजिटल उपस्थिति प्रणाली, स्टाफ की नियमित नियुक्ति और उत्तरदायित्व तय करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग की आयुक्त शिखा राजपूत, सांसद भोजराज नाग, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, हस्तशिल्प बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत एवं अधिष्ठाता डॉ. खान, सीएमएचओ डॉ. महेश सांडिया, अस्पताल अधीक्षक डॉ. विमलचंद भगत, उपसंचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. महेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मेडिकल कॉलेज के स्टॉफ उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से पेड़ों की कटाई पर लगाया अंकुश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

क्षेत्र में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई चल रही है और शिकायत मिलने पर वन विभाग की टीम कार्रवाई कर रही है। ग्राम बांदे में अवैध रूप से हो रही पेड़ों की कटाई की शिकायत मिलने पर वन विभाग की टीम पहुंची और अवैध रूप से हो रही कटाई पर अंकुश लगाया।

बांदे के ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग की टीम ने मौके स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया गया है, जिसमें संजय कुजूर, सपन राय, दीपक पवार, अमन नेताम, महादेव हीरा व अंतू नेताम ने बताया कि पंकज परामाणिक पिता स्व. प्रेमरंजन परामाणिक निवासी बांदे के द्वारा खसरा नंबर 145 रकबा 2.020 में से मिश्रित प्रजाति के वृक्षों की अवैध रूप से कटाई किया है। वन विभाग की टीम ने मौके स्थल पर पाया कि 12 नग बड़े-बड़े पेड़ो को एक माह पूर्व काटा गया है, जिसमें से एक नग जेसीबी मशीन एवं डोजर मशीन से पेड़ को उखाड़कर ⏭ शेष पेज 12 पर



- शिकायत पर पहुंची वन विभाग की टीम

# प्रदेश की भाजपा सरकार साफ नीयत से कर रही कार्य: श्रीनिवास

## छत्तीसगढ़ राज्य बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष मद्दी के शहर आगमन पर भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बस्तर संभाग के वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास राव मद्दी के राज्य बेवरेज कॉरपोरेशन अध्यक्ष बनने के नियुक्त किए जाने के बाद पहली बार कोण्डागांव आगमन पर उनका 11 जून को न्यू सर्किट हाउस में जोरदार स्वागत किया गया। पुष्पगुच्छ, आतिशबाजी और कार्यकर्ताओं की गूंजती जयघोष के बीच उनका अभिनंदन भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। स्वागत उपरांत आयोजित लघु बैठक में श्रीनिवास राव मद्दी ने भाजपा सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर कार्यकर्ताओं के साथ विचार–विमर्श किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में बेवरेज कॉरपोरेशन भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। जिसे अब सुधारते हुए एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि बेवरेज कॉरपोरेशन की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए अधिकारियों के साथ संवाद की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता के कोण्डागांव आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया।



### ये रहे उपस्थित

बैठक के दौरान उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक मजबूती और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान भी किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष दिपेश अरोरा ,प्रदेश कार्यसमिति सदसय मनोज जैन, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, गोपाल दीक्षित ओम प्रकाश टावरी सहित भाजपा के जिलापदद्धाधिकारी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### पूर्व जनपद सभापति ने बीपी जांचने की मशीन भेंट की

**अंवरी।** पूर्व जनपद सभापति श्रीमती परमेश्वरी साहू ने जोरातराई (अं) में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति, मितानिनों को बीपी चेक करने की मशीन भेंट की। ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण समिति ने ग्रामीणों को बरसात से पहले गांव की पानी टंकी, नाली की सफाई करने, छोटे-बड़े गड्ढे को पाटना, गांव में पेड़ लगाना, मलेरिया के बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करना, फुल पैंट, फुल शर्ट कपड़ों का उपयोग करना, बरसात के दिनों में छत पर कूलर, मटका में पानी नहीं रखने और जहां भी पानी जमा होता है वहां मिट्टीतेल या जले हुए आयल डालने के बारे में जानकारी दी। मौके पर पूर्व जनपद सभापति श्रीमती परमेश्वरी साहू, उपसरपंच ईश्वर निषाद, एमटी अन्नपूर्णा साहू, मितानिन ललित साहू, निर्मला निषाद, राधा पाल, भुनेश्वरी साहू, तामेश्वरी साहू, तुलेश्वरी साहू, उर्मिला कुर्रे, काजल साहू, नंदिनी साहू, भिनेश्वरी निषाद, किरण साहू एवं समिति के सदस्य मौजूद थे।

### सुखराम नागे कॉलेज में हुई निबंध स्पर्धा



**नगरी।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं आदिवासी विभाग धमतरी के निर्देशानुसार शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में 6 जून को मां अभियान के तहत महानदी उत्थान एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मां महानदी की सांस्कृतिक आर्थिक पास्थितिकीय महत्ता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। निबंध के माध्यम से विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि नदी केवल जल का स्त्रेत नहीं बल्कि हमारे सामाजिक धार्मिक जीवन का अभिन्न अंग है जिसकी रक्षा हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में उपेंद्र वर्मा प्रभारी मंडल संयोजक, स्कंध ध्रुव नोडल अधिकारी, चंद्रभान साहू अधीक्षक, मनोज बैस अधीक्षक, श्री साहू आईटीआई नगरी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में प्रो. आरआर मेहरा, डॉ. दीपा देवागंन, सौरभ पाण्डेय का प्रमुख योगदान रहा। निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ निबंध का चयन कर प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा।

## प्रशासन के बैरिकेड्स को तोड़कर किया प्रदर्शन, राज्य सरकार 45 हजार पदों को कर रही समाप्त

# युक्तियुक्तकरण का विरोध, कांग्रेस ने कोंडागांव बीईओ कार्यालय घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

झीरम कांड में शहीद विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि मनाने के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने स्कूल शिक्षा के युक्तियुक्तकरण के विरोध में कोंडागांव बीईओ कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस भवन से निकली रैली ने बस स्टैंड होते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर मार्च किया। प्रशासन द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को तोड़कर प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर किया गया।

कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रदेश सरकार 10,463 स्कूलों बस्तर संभाग में 1163 और कोंडागांव जिले में 397 को बंद करने का निर्णय ले चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने चुनाव के दौरान 35,000 शिक्षकों के पद भरने का वादा किया था। लेकिन अब युक्तियुक्तकरण के नाम पर 45,000 शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है, जिससे हजारों प्यून, रसोइया और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बेरोजगार हो जाएंगी। कांग्रेस ने इसे शिक्षा की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ और आदिवासी बच्चों के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाला कदम बताया। कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर रोजगार विरोधी नीति अपनाने, स्थानीय भर्ती को चुनावी स्टंट बनाने और शराब दुकानों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया, जबकि युवा नशे और चाकूबाजी में उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद सभी विकास कार्य बंद हो गए हैं। कांग्रेस ने यह भी कहा कि सरकार ने आनन–फानन में 8 जून से पहले यह प्रक्रिया पूरी की, ताकि कोई कोर्ट न जा सके। उन्होंने शिक्षकों को ट्रांसफर नीति से भी दूर रखने की आलोचना की। कांग्रेस ने इस नीति का पुरजोर विरोध करते हुए चेतावनी दी कि यह तो शुरुआत है, जल्द ही संपूर्ण प्रदेश के बीईओ कार्यालयों का घेराव और शिक्षा न्याय यात्र निकाली जाएगी, जिसमें बंद स्कूलों के सामने भी प्रदर्शन किया जाएगा।




### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कार्यक्रम प्रभारी झुमुकलाल दीवान, जिला महामंत्री द्वय गीतेश गाँधी, रितेश पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन, शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा, शहर महिला अध्यक्ष श्रीमती हेमा देवांगन, प्रदेश सचिव सकुर खान, पूर्व नपा अध्यक्ष वर्षा यादव, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष भगवती पटेल, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, संजय करन, नंदू दीवान, ब्रिज सोढ़ी, लखमू कोर्राम, निमेंद्र दीवान, देवेंद्र कोर्राम, जनपद सदस्य अनिल कोर्राम, रामनाथ नाग, जयराम मरकाम, गंगा राम नेताम, लक्ष्मण पांडे, कार्तिक पोयाम, सहदेव पोयाम, सालिक बघेल, घुड़न पोयाम, जितेंद्र दुबे, सेवक दीवान, धनसू नेताम, गनु पोयाम, रुपेश गोस्वामी, हीरा दीवान, सुनील रैकवार, गुणमती नायक, किशोर ध्रुव, नियाज खान, सुनील निर्मलकर, नीलू देवांगन, प्रीति भदौरिया, अंजू जोशी, धनाजी नेताम, बालसू नेताम, घसिया पोयाम, गीतेश बघेल सहित भारी संख्या मे कांग्रेसजन एवं छात्र पालक मौजूद रहे।



## कांग्रेसियों ने फरसगांव में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का किया घेराव



**फरसगांव।** भाजपा सरकार द्वारा किये गये स्कूल एवं शिक्षकों के युक्तियुक्त करण के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फरसगांव अध्यक्ष दिनेश जायसवाल एवं युवा कांग्रेस अध्यक्ष जयलाल नाग के नेतृत्व में बुधवार को कांग्रेसियों ने फरसगांव नगर में रैली निकलकर फरसगांव के खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किए और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ब्लाक युवा कांग्रेस अध्यक्ष जयलाल नाग ने कहा कि जिस तरह सरकार ने 45000 नई भर्ती का वादा किया था लेकिन यह युक्तिकरण कर शिक्षकों के पद को समाप्त कर रही है। जिसका असर बच्चों के पढ़ाई एवं शिक्षकों के भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, जिस तरह सरकार की योजनाएं चल रही है। उसे देखते हुए बच्चों के पढ़ाई के साथ साथ माता पिता को भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। शाला प्रवेश को लेके आना जाना बच्चों के छोटे मोटे कामों के लिए आना जाना जिस तरह बच्चों को प्रभाव पड़ेगा। उसी तरह वहां की स्व समूह सहायता चलाने वाली महिलाओं और वहां के स्वीपर एवं चपरासी के रोजी रोटी पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। अगर सरकार इस योजना को बंद नहीं करेंगी तो आगे चल के उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी रवि घोष , जनपद सदस्य विक्की दास, शीशकुमारी चनाप, बुधसन मरापी,प्रहलाद कुंजाम, तीजू मंडावी, सोमनाथ पोटाई, दुलम नाग, रीता गौतम, सुशीला नेताम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ युक्तियुक्तकरण के विरोध में निकाली रैली

## विद्यार्थी अपनी चमक से समाज की शोभा बढ़ाएं : अवनेंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी द्वारा एक मई से चलाया जा रहा निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर का 7 जून को समापन हुआ। मुख्य अतिथि अवनेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी ने विद्यार्थियों को नायाब हीरा के रूप में बताकर हीरे में खरोंच न आने देना व अपनी चमक से समाज की शोभा बढ़ाने की बात कही। श्री साहू ने कहा कि आपको हमारे शिक्षकों ने तराशा है। आपको शिक्षा के साथ संस्कार, सदाचार , जीवन कौशल और करियर में आगे बढ़ना सिखाया गया जिसका निर्वहन सबको करना है। विशिष्ट अतिथि गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद ने विद्यार्थियों से कहा कि आपको शिक्षित होकर हुनरमंद होकर स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनना है। आप सभी सौभाग्यशाली है जो आपको यहां खाली समय में सीखने के लिए बहुत अच्छा माहौल मिला। इस अवसर पर दयालुराम साहू शिक्षक, अनिल राव सरपंच, पोषण साहू, दुलार सिन्हा, भोलाराम साहू, दानीराम साहू, चित्रसेन साहू, अशोक साहू आदि मौजूद थे।

### सभी शिक्षकों व प्रबोधकों का हुआ सम्मान

इस निःशुल्क शिविर में अपना समय देकर निःशुल्क एवं निः स्वार्थ भाव से विद्यार्थियों को विषयगत ज्ञान के साथ साथ संस्कार, नैतिक शिक्षा, देश धर्म अध्यात्म, कानून, जीवन विद्या, स्वास्थ्य, स्वस्थ जीवन शैली, भारतीय संस्कृति, प्रतियोगिता परीक्षा पर व करियर संबंधी मार्गदर्शन करने वाले सभी लोगों को प्रतीक चिन्ह, श्रीफल सम्मान पत्र देकर व 110 विद्यार्थियों को भी हनुमान चालीसा ग्रन्थ व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पुरानी किस्म के स्थान पर नई किस्म को प्रमोट करने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने मरौद के बीज प्रक्रिया केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने बीज प्रक्रिया केन्द्र में चालू खरीफ मौसम के लिए धान, दलहन आदि बीजों की उपलब्धता की जानकारी केन्द्र प्रभारी से ली। श्रीमती निगार ने पिछले दस वर्षों से लगाई जा रही धान की किस्मों के स्थान पर नई किस्मों को प्रमोट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मरौद बीज प्रक्रिया केन्द्र में वर्तमान में एमटीयू 1010, एमटीयू 1156, महामाया, विक्रम पीसीआर, एमटीयू 1318, स्वर्णा किस्म के धान के बीज लगभग 11 सौ क्विंटल उपलब्ध हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त ने इन किस्मों के आधार बीजों को जिले में बीज उत्पादन कार्यक्रम के लिए उपयोग करने के निर्देश दिए।




■ कृषि उत्पादन आयुक्त ने किया मरौद के बीज प्रक्रिया केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण

श्रीमती निगार ने कहा कि पुरानी किस्म के स्थान पर नई किस्म को प्रमोट करने के लिए बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक रकबे में नई किस्मों को ही लगाया जाए, ताकि उनका बीज तैयार हो सके और उसके किसानों को उपलब्ध कराया जा सके। श्रीमती निगार ने बीज उत्पादन कार्यक्रम में गंभीरता से काम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान संयुक्त संचालक गयाराम, उप संचालक मोनेश साहू सहित प्रक्रिया केन्द्र प्रभारी श्री दोहरे और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने चालू खरीफ सीजन में बीज उत्पादन कार्यक्रम के लिए नई किस्मों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एपीसी ने कहा कि एक ही तरह की फसलों को लगातार बोने से कीट व्याधि की समस्या बढ़ जाती है। साथ ही उत्पादन भी कम होता है। इसके साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति भी कम होती जाती है।

एपीसी ने इन समस्याओं से निपटने के लिए ज्यादा से ज्यादा नई किस्मों की खेती कराने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने चालू खरीफ मौसम के लिए बीजों का समय पर उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

जिलों में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| जगदलपुर शहर | 5 पद | योग्यता 12 से स्नातक |
| कोण्डागांव शहर | 5 पद | |
| केशकाल शहर | 2 पद | वेतन 10000/- |
| कांकेर शहर | 3 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो जगदलपुर शहर, कोण्डागांव शहर, केशकाल शहर, कांकेर शहर क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें। जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

Resume Whatsapp करें 9098324969

जगदलपुर - 9098324969
कोण्डागांव - 9098324969
केशकाल - 9098324969
कांकेर - 7000955574

हरिभूमि
कार्यालय
धमतरी रोड,
टिकरापारा, रायपुर
(छत्तीसगढ़)

## पेज 11 के शेष

### दुधावा क्षेत्र में...

के पंजा बच्चे के पीठ पर गढ़ गया। बच्चा जोर से चिल्लाया, साथ ही उसके साथ चल रही माँ और आसपास अन्य ग्रामीणों ने शोर मचाया। शोरगुल की आवाज सुनकर तेंदुआ बच्चे को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया और बड़ी अनहोनी होते होते टल गई थी।

### मुख्यमंत्री की घोषणा...

मार्ग के नवनिर्माण को प्राथमिकता देने की मांग किया है, ताकि क्षेत्र के लाखों लोगों को दैनिक आवागमन में हो रही कठिनाइयों से निजात मिल सके। प्रर्दशन के दौरान रूप सिंह पोटाई, सुप्रकाश मलिक, सपन विश्वास सरकार, दिलीप विश्वास, अमूल्य मांझी, विकास मंडल, गोपाल कुंडू, संजीत गाय,न विक्रम मलिक, शुभाशीष, सुमित, रमेश सरकार, अगर विश्वास, सुजान, बधाई राम सिंह दुग्गा, आशीष देवांगन, किशोर मंडल, जीवन मंडल, बिशंकर मुखर्जी, किशोर सिकदर सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सरोना से दुधवा...

व तहसील मुख्यालय जाने वाले महिलाओं ने बताया कि हर दिन अस्पताल तहसील मुख्यालय पहुंचना एक संघर्ष है। जानकारों का कहना है कि गड्ढो में सिर्फ मिट्टी डालना और उसे बिना समतल किए छोड़ देना मानक नियमों का उल्लंघन है। इससे सड़क की स्थिति सुधरने की बजाय और भी खराब हो जाती है।

ग्रामीणों ने अब एक स्वर में मांग किया है कि सड़क की गुणवत्ता के साथ मरम्मत की जाए, न कि जैसे-तैसे मिट्टी डालकर औपचारिकता पूरी की जाए। यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दे रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के जिला एवं ब्लाक के अधिकारियों से इस मामले में संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु कबीर जयंती के अवकाश होने के चलते संपर्क नहीं हो पाया।

### ग्रामीणों की शिकायत...

से कहा कि जल्द छोटे बोदेली में ग्रामीणों की माँग के अनुसार ट्रांसफार्मर लग जाना चाहिए। विद्युत विभाग के अमले ने विधायक के निर्देश को गंभीरता से लेते हुए अगले दिन ही ट्रांसफार्मर लेकर ग्राम छोटे बोदेली पहुँचे और विभाग ने ट्रांसफार्मर लगाने के कार्य को पूरा किया। छोटे बोदेली में ट्रांसफार्मर लग जाने पर ग्रामीणों ने विधायक विक्रम उसेंडी और सीएसईबी के अफसरों का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### परिवहन संघ ने...

त्रिलोक चोपडा, सतीश सिन्हा और हिमांशु ठाकुर द्वारा 24 घंटे भूख हडताल किया गया। दूसरे दिन 12 मई को संघ के सदस्य भूपेन्द्र सिंह सिद्ध, अंकित तिवारी, रोशन मिश्रा, राजेश सचदेव और प्रेम शर्मा द्वारा 24 घंटे भूख हडताल किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष गुरुदीप सिँह ढिंडसा ने जानकारी दिया है कि 12 जून तक गोदावरी माइंस कच्चे से संबंधित हमारी समस्या का समाधान नहीं किया जाता है, तो संघ द्वारा उग्र आंदोलन करते हुए चक्काजाम करने के लिए बाध्य हो जाएगा।

### अवैध रूप से...

दूसरे स्थान पर गिराकर जलाया जा रहा है, ताकि सबूत मिटाया जा सके। शासकीय बांस प्लांटेशन में लगे चैनलिंग फेंसिंग पोल को उखाड़ा गया है। ग्रामीण धर्मेंद्र पुडों, धन साय, मनीराम, सोन साय व आयतू का कहना है कि पिछले दो वर्षों से अपने एवं शासकीय भूमि के बड़े बड़े इमारती पौधों की कटाई कर आग के हवाले किया जा रहा था। पंकज ने दबंगई दिखाते हुए लगभग 20 एकड़ शासकीय भूमि पर कब्जा किया गया है। गांव के शासकीय तालाब को डोजर मशीन से मिट्टी डाल कर खेत बनाया गया है और ग्रामीण जब इसका विरोध करते है तो धारदार हथियार टंगिया से मारने का धमकी देता है। ग्रामीणों की मांग है कि शासकीय भूमि पर अतिरिक्त कब्जा को हटाया जाए।

## खबर संक्षेप

### पॉलीटेक्निक संस्था में प्रवेश 15 तक

**जगदलपुर।** बस्तर जिला में स्थित धरमु माहरा शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक धरमपुरा जगदलपुर में संचालित त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यकमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण की काउनसिलिंग में 11 से 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। बस्तर अंचल की छात्राऐं संस्था में संचालित 4 डिव्लोमा पाठ्यक्रम एमओएम (मार्डन आफिस मैनेजमेंट), ईटीई (इलेक्ट्रनिक्स टेलीकम्युनिकेशन), सीडीडीएम (कास्ट्यूम डिजाईन ड्रेस मेकिंग) एवं आईटी (इनफारमेशन टेक्नालॉजी), जिसमें प्रवेश हेतु पात्रता एमओएम (12 वीं पास), ईटीई, सीडीडीएम, आईटी (10 वीं पास) उत्तीर्ण है। ऑन लाईन आवेदन स्वयं, किसी च्वाईस सेंटर या संस्था में स्थापित अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र में उपस्थित होकर किया जा सकता है।

### विशेषज्ञों ने दी खेती के उन्नत तकनीकों की जानकारी

**सुकमा।** देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान तहत ग्राम पंचायत कोर्रे, रोकेल, मूर्रपाल, बंजामगुड़ा एवं परिया में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम स्थलों में ग्रामीण महिला एवं पुरुष कृषकों के साथ-साथ कृषि सखियों ने भाग लेकर कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से खेती की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। विकासखण्ड छिंदगढ़ में जिले के उपसंचालक कृषि पी.आर. बघेल, मछली पालन विभाग के डॉ. उदय सवनक,सोमड़ी पोडियामी (जनपद सदस्य),सा. यादव (जिला सदस्य), कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख एच.एस. तोमर तथा डॉ. परमानंद व डॉ. जितेश कुमार बघेल, विकासखण्ड सुकमा में डॉ. संजय सिंह राठौर व भीम कुमार जायसवाल एवं विकासखण्ड कोंटा में आर. पी. कश्यप व कैलाश कुमार मरकाम ने मरहान जमींन में धान के जगह उपयुक्त फसल कोदो, रागी व कुटकी जैसे मोटे अनाजों की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया एवं खरीफ फसलों की आधुनिक तकनीक जैसे उन्नत किस्म, बीजोपचार, पादप हार्मोन का उपयोग, समन्वित खरपतवार, खाद, उर्वरक, सिंचाई कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी, कृषि यंत्रों का उपयोग तथा पशुपालन एवं मछली पालन के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# नियद नेल्लानार योजनान्र्तगत मुदवेंडी में पहुंचा बिजली

## सड़क, बिजली, पानी के पहुंच से मुदवेंडी गांव का हो रहा है तेजी से विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दृढ़ इच्छा शक्ति और विकास के परिकल्पना बीजापुर में साकार होते नजर आ रहे हैं। वर्षो से माओवाद का दंश झेल रहे गांव अब सुशासन के सूर्योदय से प्रकाशित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री के नियद नेल्लानार योजना के तहत तीव्र गति से विकास हो रहा है। सड़क, बिजली, पानी सहित विभिन्न बुनियादि सुविधाएं एवं अद्योसंरचना से सुरक्षा और विश्वास के साथ हो रहे विकास से ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई देने लगा है। ऐसे ही एक गांव मुदवेंडी जो जिला मुख्यालय से 35-40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जहां कुल 45 परिवार निवास करते हैं, वहां सड़क, शुद्ध पेयजल के बाद अब बिजली पहुंच चुकी है।

माओवाद के दहशत और घनघोर अंधेरे को नियद नेल्लानार और विष्णु के सुशासन से नया सवेरा मिला। बच्चे अब निश्चित होकर स्कूल जा रहे हैं। उनके पढ़ाई-लिखाई सहित ग्रामीणों के दैनिक जीवन में परिवर्तन आ गया है। बिजली के आने से अब अंधेरा मिटा है वहीं रात्रि में भी घरेलू कार्य करने में सुविधा हो रही है।







### गांव में खुशी का माहौल

ग्रामीण हुंरा कुंजाम बताते है कि गांव में वर्षो बाद बिजली पहुंची है जिससे ग्रामीणों को बहुत सुविधा हुई नियद नेल्लानार योजना के तहत गांव में वर्षो से बंद स्कूल का पुनः संचालन हो रहा है जिससे एक पीढ़ी के बाद गांव के बच्चे मुदवेंडी गांव में स्कूल में पढ़ रहे हैं। बिजली, पहुंचने से रात को अब बच्चे आसानी से पढ़ सकते हैं। वहीं रात के अंधेरे में अब सांप, बिच्छू एवं जंगली जानवरों का भय कम हुआ है। इस पहल के लिए हूरा कुंजाम ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी तरह लखमा कुंजाम ने बिजली पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बिजली आने से अब गांव में खुशी का माहौल है।

## एसएडीओ ने कहा- हमने नगद जमा किया उपसंचालक को

# अंशदान की राशि की पावती को लेकर अधिकारी ने साधी चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कृषक अंशदान राशि का विभाग ने जो बंदर बांट किया वह अब अधिकारियों के लिए गले की फांस बन गई है। कृषि विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नलकूप खनन का कार्य करवाया जिसमें विभागीय राशि तो नलकूप खनन कर्ताओं को आरटीजीएस के माध्यम से कर दी गयी जिसका प्रमाण विभाग के पास है लेकिन कृषक अंशदान जो कृषकों ने विभाग को नगद के रूप में दिया उस भुगतान में गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही।

इसे लेकर हरिभूमि संवाददाता ने उपसंचालक सूरज पंसारे से नलकूप खनन कर्ताओं को अंशदान की राशि 26000 रुपए प्रति यूनिट की दर से नगद भुगतान किए जाने की पावती मांगे जाने पर उन्होंने चुप्पी साध ली। वहीं विभागीय अधिकारियों की माने तो कृषक अंशदान की राशि एसएडीओ ने उपसंचालक को नगद सौंप दी।



कृषक अंशदान की राशि का विभाग ने किया बंदरबाट

नलकूप खनन व प्रतिस्थापन कार्य में गड़बड़झाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कृषि विभाग में कृषक अंशदान में गड़बड़ी सामने आ रही है। नलकूप खनन व पम्प प्रतिस्थापन कार्य के लिए बोरवेल ठेकेदारों को 90 फीसदी राशि दी गई, शेष 10 फीसदी में विभाग ने बड़ा खेल किया, जिसमें विभागीय अधिकारी की भूमिका अहम मानी जा रही है।

दरअसल वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि विभाग ने डीएमएफ मद अन्तर्गत कुल 644 युनिट नलकूप खनन और पम्प प्रतिस्थापन का कार्य करवाया। एक युनिट खनन एवं पम्प प्रतिस्थापन कार्य के लिए ठेकेदारों को 2 लाख 60 हजार रूपए का भुगतान किया जाना था, जिसमें किसान से प्रति युनिट दस फीसदी अंशदान शामिल है। लेकिन विभाग ने प्रति युनिट देयक 2 लाख 60 हजार के विरूद्ध 2 लाख 34 हजार प्रति युनिट की दर से आरटीजीएस के माध्यम से संबंधित बोरवेल खनन कर्ताओं को किया। मिली जानकारी के मुताबिक 10 फीसदी की राशि 26 हजार रूपए प्रति युनिट किसानों के अंशदान को डकार ली। कुल 644 युनिट नलकूप खनन की 1 करोड़ 67 लाख 44 हजार का बंदरबाट किए जाने की बात कही जा रही है।

■ मामला डीएमएफ मद का, 1 करोड़ 67 लाख रूपए जमा नहीं किया खाते में

शासन को राजस्व का नुकसान

टीडीएस और जीएसटी का भुगतान देयक में नहीं

इन फर्मों से कराया गया खनन कार्य

जमा करने का कोई प्रावधान नहीं है

सूरज पंसारे, उपसंचालक, कृषि विभाग दंतेवाड़ा

कृषकों से प्राप्त अंशदान की राशि की पावती विभाग ने कृषकों को दे दी है लेकिन इसी राशि को विभाग ने नलकूप खननकर्ताओं को नगद देने की बात कह रहे हैं लेकिन इस संबंध में कोई विधिवत प्रमाण प्रस्तुत करने को लेकर अधिकारी तैयार नहीं है।

### खनन कर्ताओं ने कहा हम देख कर बताएंगे

वर्ष 2023-24 में डीएमएफ मद से कृषि विभाग द्वारा कराए गए नलकूप खनन एवं पंप प्रतिस्थापन कार्य मे खनन ठेकेदारों से देयकों के भुगतान राशि के बारे में महावीर बोरवेल्स अंबिकापुर के आकाश अग्रवाल तथा एक अन्य ठेकेदार विजिट दत्ता से मोबाइल में यह पूछने पर की विभाग द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से कितनी राशि और अंशदान के रूप में कितनी राशि प्राप्त हुई तो उन्होंने कहा हम देख कर बताएंगे।

### जानकारी उपसंचालक देंगे

नलकूप खनन के लिए कृषक अंशदान राशि 26000 रुपए नगद लेकर हमने उपसंचालक को दे दिया इसके बाद की जानकारी उपसंचालक बताएंगे।

**परीक्षित मांडवी**
एसएडीओ दंतेवाड़ा

### पावती दी जाती है

बोर की स्वीकृति हो जाने के बाद कृषक स्वयं ऑफिस आकर अपना अंशदान राशि जमा करते हैं जिसकी पावती दी जाती है नलकूप खनन प्रति यूनिट 26000 रुपए की राशि कृषकों ने जमा किया है।

**आरएस नेताम**
एसएडीओ गीदम

# रीपा और गोठानों में निर्मित भवनों के बेहतर उपयोग की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रीपा (राजीव गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क) योजना के अंतर्गत एवं गोठानों में निर्मित भवनों, शेड्स और मशीनी संसाधनों की दुर्दशा को लेकर विधायक लखेश्वर बघेल ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र के माध्यम से इन संसाधनों का लोकहित में पुनः उपयोग सुनिश्चित करने की मांग की है।



■ विधायक लखेश्वर बघेल ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

विधायक बघेल ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि बस्तर जिले के विभिन्न ग्रामों में राज्य सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से रीपा केंद्र और गोठानों में भवन, शेड्स तथा मशीनी उपकरण स्थापित किए गए थे, जिनका उद्देश्य ग्रामीण महिला-पुरुषों को रोजगार उपलब्ध कराना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना था। लेकिन वर्तमान में इन संसाधनों का कोई उपयोग नहीं हो रहा है। परिणामस्वरूप ये भवन व उपकरण जर्जर होते जा रहे हैं, और सार्वजनिक धन की बर्बादी हो रही है।

उन्होंने कहा कि पहले जिन संसाधनों से सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को रोजगार मिला था, वे अब वीरान पड़े हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि सरकारी योजनाओं की उपयोगिता पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करती है।

विधायक ने मांग की है कि इन भवनों और मशीनरी को पुनः उसी स्थान पर सक्रिय किया जाए या आवश्यकता अनुसार अन्य स्थानों पर स्थापित कर स्वरोजगार के अवसर फिर से सृजित किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से यह भी कहा कि आदिवासी बाहुल्य बस्तर क्षेत्र में रोजगार के अवसर सीमित हैं, ऐसे में इन संसाधनों का सही दिशा में दोबारा उपयोग नितांत आवश्यक है।

उन्होंने अपने पत्र में सरकार से आग्रह किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इन बंद पड़ी योजनाओं को पुनर्जीवित कर स्थानीय युवाओं और महिलाओं को फिर से स्वरोजगार से जोड़ा जाए, जिससे वे आर्थिक रूप से सक्षम बन सकें और सरकार के उद्देश्य भी सार्थक सिद्ध हो सकें।



## खबर संक्षेप



### सिहारी में मोर गांव मोर पानी में किया श्रमदान

**दुर्गूकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत सिहारी में मोर गांव, मोर पानी महाअभियान के तहत जल संरक्षण करने के लिए विभिन्न गतिविधि किया गया। ग्राम के तालाबों की सफाई श्रमदान से किया गया। ग्राम में रैली के माध्यचम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। सभी के द्वारा संकल्प लेने के बाद तकनीकि सहायक पिनय नायक के द्वारा जल संरक्षण के विभिन्न उपायों को बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सरपंच राम गावड़े, शारदा कोमरे, फुलेशवरी नेताम, शामसिंह कोमरा, महेश कोमरा, देवदूत कोरेटी, जीतेन्द्र, सत्ते सिंग व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### तेंदूपत्ता संग्राहकों को राशि का भुगतान जल्द करे सरकार : गोपी

**दुर्गूकोंदल।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत तेंदूपत्ता सीजन 2025 के तहत



संग्राहकों के द्वारा अपने खेती किसानी के लिए तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य किए है, जिसका भुगतान अभी तक नहीं होने से किसान मजदूर परेशान है। जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने मांग किया है कि तेंदूपत्ता की आमदनी राशि मिलने से किसानों के द्वारा खेती कार्य के लिए खाद बीज खरीदने में उपयोग किया जाता है। तेंदूपत्ता की राशि नहीं मिलने से संग्रहक काफी परेशान एवं चिंतित हैं। आदिवासी किसानों की समस्या को देखते हुए तेंदूपत्ता की राशि का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए, जिससे किसान इस राशि का उपयोग कर अपने खेती कार्य में लगा सके। राशि मिल जाने से संग्राहको को काफी हद तक किसानी के लिए आर्थिक मदद मिल पाएगा।

### जहर खाने वाली महिला की इलाज के दौरान हो गई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 48 वर्षीय शोभा विश्वास ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। स्वास्थ्य खराब होने के कारण उसे पखांजुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान 10 जून को उसकी मौत हो गई। अस्पताल मेमो पेश करने पखांजुर थाना में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**पुण्यतिथि : बिरसा मुंडा के त्याग, तपस्या का किया यशोगान**

# भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल में निवासरत अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई युवा प्रभाग के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि 10 जून को कर्रामाड़ सामुदायिक भवन में उनकी जीवनी और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को याद गया। बिरसा मुंडा का सबसे प्रसिद्ध नारा था अबुआ दिशुम अबुआ राज, जिसका अर्थ है हमारा देश, हमारा राज। यह नारा आदिवासी समुदाय की स्वायत्तता और स्व-शासन की मांग को दर्शाता है और आज भी आदिवासी समाज के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरणा का स्त्रोत है उनकी प्रमुख नारा को याद किया।

आदिवासी हल्बा समाज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी हितों के लिए लड़ने वाले आदिवासियों के लिए संघर्ष के प्रतीक हैं। भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था और इसी उलगुलान ने उन्हें भगवान बना दिया धरती। आबा के नाम से मशहूर बिरसा मुंडा काफी कम उम्र में इतने लोकप्रिय हो गए थे। अंग्रेज उनसे खौफ खाने लगे थे एवं जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान विद्रोह किया था। उलगुलान की ही ताकत थी कि अंग्रेज उनके आगे झुके और आदिवासियों की जमीन की रक्षा के लिए छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट सीएनटी लागू किया गया। भगवान बिरसा मुंडा को देश के सर्वकालीन सबसे बड़े आदिवासी नेता के तौर पर मान्यता मिल चुकी है। उनके उलगुलान 1895-1900 को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा माना जाने लगा है एवं जन्मस्थली उलिहातु को अब राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है। उनके जन्मदिन 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर पूरा देश मनाता है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 15 नवंबर 2022 और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर 2023 उलिहातु जाकर आदिवासी महानायक बिरसा मुंडा को नमन कर चुके हैं। झारखंड ही नहीं, कई अन्य राज्यों में भी बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगी है।

कार्यक्रम में जिसमें हल्बा समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विकास राजु नायक, उपाध्यक्ष गोपी बढ़ाई, ललित गोयल, हरेश रावटे, हृदय बघेल, मुकेश बघेल, टिकेश्वर रावटे, सुभाष सोम, रोलिका देहारी, तोरन चिराम, पूनम सोम, चेतना रावटे, उर्मिला रावटे, सोनबत्ती धनेलीया, डिलेश्वरी धनेलिया सहित हल्बा समाज के सगाजन उपस्थित रहे।

# सरोना महाविद्यालय के लिए बना आवासीय भवन जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना



■ निर्माण कार्य पर उठे सवाल

जिले के सरोना महाविद्यालय में शिक्षकों की आवासीय सुविधा के लिए निर्मित भवन का हाल बदतर हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि यह भवन अभी तक औपचारिक रूप से उद्घाटित भी नहीं हुआ है। इसके पहले ही वह पूरी तरह से जर्जर अवस्था में पहुंच गया है। यह स्थिति न केवल निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर खड़ा करती है, बल्कि संबंधित विभागों की निगरानी व्यवस्था की भी पोल खोलती है।

सरोना महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा एक ठेकेदार को सौंपा गया था। निर्माण के दौरान गुणवत्ता की उपेक्षा और बाद में उचित देखरेख के अभाव ने भवन को ऐसी स्थिति में पहुंचा दिया है कि अब वह शिक्षकों के लिए उपयोग करने योग्य नहीं रह गया है। इस भवन में दरारें, सीलन, प्लास्टर झड़ना और पानी रिसाव जैसी गंभीर समस्याएं सामने आई हैं। सरोना महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक जो कि अपेक्षा कर रहे थे कि उन्हें शासकीय आवास की सुविधा शीघ्र मिलेगी, अब बेहद निराश हैं। इस भवन के उपयोग में नहीं आ पाने के कारण उन्हें निजी आवास किराए पर लेकर रहना पड़ रहा है, जिससे उनके आर्थिक और मानसिक स्थिति पर प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की चुप्पी पर भी अब सवाल खड़े हो रहे हैं। न तो निर्माण के दौरान किसी प्रकार की गुणवत्ता जांच की गई और न ही भवन की स्थिति बिगड़ने के बाद कोई त्वरित कदम उठाया गया। यह घटना शासन की गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य की बातों को खोखला सिद्ध करती है। स्थानीय शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों और नागरिक समाज ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि दोषी ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए तथा भवन का पुनर्निर्माण कराकर शिक्षकों को शीघ्र आवासीय सुविधा प्रदान की जानी चाहिए।

# देवस्नान चंदन जात्रा पूजा विधान के साथ बस्तर गोंचा पर्व का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



बस्तर गोंचा पर्व में देव स्नान चंदन जात्रा पूजा विधान 11 जून को 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के उमाशंकर पाढ़ी एवं राधाकांत पाणिग्राही के नेतृत्व में संपन्न करवाया गया। परंपरानुसार ग्राम आसना से महेंद्र जोशी के निवास में स्थापित भगवान शालीग्राम को लाकर श्रीजगन्नाथ मंदिर में स्थापित किया गया, तत्पश्चात 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के ब्राह्मणों द्वारा इंद्रावती नदी से पवित्र जल लाकर शताब्दियों पुरानी परंपरानुसार भगवान शालीग्राम का पंचामृत, चंदन एवं इंद्रावती नदी के पवित्र जल से अभिषेक कर विधि-विधान से देव स्नान पूर्णिमा चंदन जात्रा पूजा विधान संपन्न किया गया। भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा एवं बलभद्र के 22 विग्रहों को मुक्ति मंडप में स्थापित किया किया गया। विग्रहों को मुक्ति मंडप में स्थापित किये जाने के साथ ही भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी का अनसर काल 12 जून से प्रारंभ होकर 25 जून तक जारी रहेगा, इस दौरान दर्शन वर्जित होगा।

360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने बताया कि 26 जून को नेत्रोत्सव पूजा विधान के साथ प्रभु जगन्नाथ के दर्शन होंगे, 27 जून को श्रीगोंचा रथ यात्रा पूजा विधान के साथ ही भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी जनकपुरी सिरहासार भवन में नौ दिनों तक श्रृद्धालुओं के दर्शनार्थ स्थापित होगें, इस दौरान समस्त श्रृद्धालुओं को पुण्य लाभ का पावन अवसर प्राप्त होगा ।

बस्तर गोंचा समिति के अध्यक्ष चिंतामणी पांडें ने बताया कि 26 जून को नेत्रोत्सव पूजा विधान के साथ भगवान श्रीजगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा एवं बलभद्र के दर्शन लाभ श्रृद्धालुओं को श्रीमंदिर के बाहर होगें। 30 जून को प्रातः 10 बजे से अखण्ड रामायण पाठ प्रारंभ होगा, 1 जुलाई को हेरा पंचमी पूजा विधान होगा, 2 जुलाई छप्पन भोग अर्पण, 4 जुलाई सामूहिक उपनयन संस्कार, 5 जुलाई बाहुड़ा गोन्या रथ यात्रा एवं कपाट फेड़ा पूजा विधान होगा, 6 जुलाई देवशयनी एकादशी के साथ बस्तर गोंचा पर्व संपन्न होगा 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के क्षेत्रिय अध्यक्ष विवेक पांड़े ने बताया कि 15 दिनों के अनसर काल में 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के सेवादारों एवं पंडितों के द्वारा किया जायेगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान देवशंकर पंडा, जीवेंद्र पाण्डे, धनेश्वर जोशी, संतोष पात्र, पूर्व अध्यक्ष हेमंत पाण्डे, महेश पाण्डे, रविन्द्र पाण्डे, रजनीश पाणिग्राही, सुदर्शन पाणिग्राही, नरेंद्र पाणिग्राही, वेणुधर पाणिग्राही, वैभव पाण्डे, ईश्वर पाणिग्राही, आशु आचार्य, गजेंद्र पाणिग्राही, बीम्भाधर पाण्डे, बनमाली पाणिग्राही, दिनेश पाण्डे, महेश्वरी पाण्डे, अजय जोशी, किशोर पाण्डे, मोहन जोशी, उदयनाथ पाणिग्राही, नुरनेश पाणिग्राही सहित श्रद्धालु एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

# सिविक एक्शन प्रोग्राम में ग्रामीण बच्चों को दिए खेल सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दरभा

एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्ग दर्शन में बस्तर जिले के चौकी पखनार थाना दरभा क्षेत्रान्तर्गत सुदूर ग्राम कलेपाल में सिविक एक्शन की प्रोग्राम एवं ग्रामीणों के लिए वन भोज का आयोजन किया गया।

■ बस्तर पुलिस ने नशामुक्ति एवं साइबर अपराध की जानकारी देकर किया जागरूक




इस दौरान ग्राम कलेपाल के लगभग 300 ग्रामीण जिसमें महिला, बच्चे एवं बुजुर्ग भी उपस्थित हुऐ जिन्हें बस्तर पुलिस द्वारा नक्सलवाद उन्मुलन, साइबर अपराध, डिजिटल साइबर अरेस्ट संबंधित फॉर्ड, महिला एवं बच्चों से जुडे अपराध, बच्चों के शिक्षा संबंधित अधिकार, बच्चों को गुड टच बेड टच कि जानकारी, यातायात जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान संबंधि आवश्यक जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

इसके अलावा ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं को दूर करने हेतु जानकारी प्राप्त की गई एवं जल्द ही समस्याओं का निराकरण हेतु आश्वासन ग्रामीणों को दिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कलेपाल के नागरीको को स्माट एलईडी टीवी एवं डीटीएच सेट एवं क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबाल, कैरम बोर्ड खेल सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों से नक्सलवाद की समस्या के विरूद्ध एकजुट रहने एवं गांव को विकास के मुख्य धारा से जोड़ने अपील की गई।

कार्यक्रम में अभिजीत भदौरिया रक्षित निरीक्षक जगदलपुर, चाणक्य नाग निरीक्षक थाना दरभा, राजेश कुमार राठौर निरीक्षक चौकी पखनार, उप निरीक्षक अरूण मरकाम थाना दरभा एवं चौकी पखनार थाना दरभा तथा रक्षित केन्द्र के अधिकारी, कर्मचारी का बल एवं ग्राम कलेपाल के सरपंच, सन्नी पोडियामी, उप सरपंच मंगलू पोडियामी, पंच, गायता पुजारी पटेल, सहित लगभग 300 ग्रामीण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सिविक एक्शन कार्यक्रम से कलेपाल के स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह एवं सहयोग दिखाई दिया है एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की नरहरपुर में बैठक



**भानुप्रतापपुर।** पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कांकेर के अंतर्गत तहसील शाखा नरहरपुर में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्यगण उपस्थित हुए। बैठक में प्रांतीय संगठन मंत्री कन्हैया सिंह ठाकुर एवं जिलाध्यक्ष दिलदार सिंह ठाकुर की उपस्थिति में संघीय पदाधिकारियों का चयन कर कार्यभार सौंपा गया। संघ के लेखा जोखा का रख रखाव के बारे में सदस्यों को समझाइश दिया गया। बैठक में बृजलाल गंगेश, रिखी राम मंडावी, माखन लाल ठाकुर, शंकर लाल मंडावी, उमन सिंह मंडावी, सूरज राम मंडावी प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

# बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर याद कर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर आदिवासी नेता एवं जननायक धरती आबा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर 9 जून को उनकी मूर्ति के सामने पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर उन्हें शत शत नमन किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं को बिरसा मुंडा के देश की आजादी में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान, पराक्रम और उनके कार्यों के बारे मे बताया। नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने झारखंड के आदिवासी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुण्डा ने देश की आजादी में अपने प्राण निछावर किये और अंतिम सांस तक अंग्रेजों से डट कर मुकाबला किया, इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य विष्णु कचलाम बौद्ध समाज के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य मेडी वरुण खापर्डे, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश गावड़े सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक युवा प्रभाग राकेश दर्रो, जिला भाजपा प्रतिनिधि नरोत्तम सिंह चौहान, धर्मेंद्र रावटे व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कोटरी नदी पर बना एनीकट जर्जर, सुधार की उठी मांग

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड के कोटरी नदी पर बना सिंचाई विभाग का बना एनीकट जर्जर एवं खराब स्थिति से गेट सड़ गए है। पानी रिस कर खाली हो चुका है। करोड़ों रुपए की लागत बनाया गया एनीकट किसी काम का नहीं रह गया है। विभाग की लापरवाही के कारण एनीकट एवं नदी पूरी तरह पूरी तरह सूख गई है, जिससे एनीकट के आसपास के किसानों के लिए बड़ी समस्या बनी है। क्षेत्र की किसान मनीष कुमेटी, दारशु जाड़े, मोती बढाई, जीवन रावटे, मिश्री आरदे, पलटन जैन, मांहगी जैन, अजीत जैन, नारायण पटेल, संतुचनाप ने बताया कि ग्राम पंचायत सुरुगदोह के पूर्व सरपंच नामदेव मरकाम का खेत एनीकट से लगा है। ग्रामीणों ने कोटरी नदी पर स्थित स्टॉप डैम के जर्जर गेट कि मरम्मत करने की मांग किया है।



**ग्राम सुरली के बाजार शेड में चलाया गया, जैव उर्वरकों को दें बढ़ावा**

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को दी वैज्ञानिक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धनेलीकन्हार

खेती में तकनीकी विधि एवं विभागीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत तकनीकी विधि से खेती करने की जानकारी, प्राकृतिक खेती से लाभ, रासायनिक उर्वरकों की मात्रा कम कर जैव उर्वरकों को बढ़ावा देना, जैविक कीट नियंत्रण विधि, एकीकृत कृषि प्रणाली से खेती करना एवं कृषि समवर्ती विभागों की संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार करना है। विकासखंड कांकेर के ग्राम सुरली के बाजार शेड में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कृषि से संबंधित समस्याओं का निराकरण एवं विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी, मृदा परीक्षण, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, फसलों की उन्नत किस्म, लघु धान्य फसलों से लाभ, समन्वित कीट व्याधि बीमारियों की रोकथाम, फसल चक्र से लाभ की जानकारी विस्तारपूर्वक कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सीएल ठाकुर ने दिया। सहायक शिक्षक कृषि महाविद्यालय कांकेर डॉ. थलेश पांडेय ने खरीफ फसलों के बारे में, धान की किस्मों के बारे में, समन्वित खेती प्रणाली, धान की बुवाई की विधि, बीज उपचार करने की विधि, खरपतवार नियंत्रण की विधि, बीज परीक्षण विधि, बीज उत्पादन, बीज अंकुरण परीक्षण, जैविक खाद बनाने की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। उपसंचालक जितेंद्र कोमरा द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के कृषि में उद्देश्यो एवं कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ साथ 17 प्रतिशत नमक घोल से बीज उपचारित करने की विधि का प्रदर्शन कृषकों के मध्य करके बताया गया। उद्यानिकी विभाग से धनंजय नाग द्वारा सब्जियों, फूलों एवं फलों की खेती उद्यानिकी विभाग से संचालित विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी कृषकों को दिया। कार्यक्रम में एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना के कर्मचारियों द्वारा विभागीय योजनाओं के प्रचार प्रसार सामग्री कृषकों को वितरण किया। शिविर में कोलियरी, कोरेठा, डोमाहर्रा, कड़काकुडुम, कोटगांव नीचे, कोटगांव ऊपर के किसान शामिल हुए।



### इनकी रही मौजूदगी

*कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कृषकों को सरकार के विभागीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य नितेश कुमार सलाम, मोती राम नाग, ग्राम के सरपंच कृष्णा हुपेन्डी, ग्राम डोमाहर्रा सरपंच रमेश कुमार राकेश त्रिपाठी, पूर्णिमा उसेंडी, फूलबाई कवाडे, वंदेशवरी कवाडे, मनोहर उसेंडी, कुंवर सिंह , सहायक संचालक डीआर कोमरा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मयाराम नेताम, कृषि विकास अधिकारी संदीप जैन, विवेक साहू, आत्मा योजना से सलमान खान, जगन सिंह, धनराज कोला, विनोद जैन मौजूद रहे।*

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

